an>

Title: Need to increase remunerative price for paddy particularly for Vidarbha region of Maharashtra.

श्री अशोक महादेवराव नेते (गढ़चिरोली-चिमुर): महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में गड़चिरौली, चन्द्रपुर, भंडारा तथा नागपुर जिले का कुछ भाग धान की फसल पैदा करने वाला क्षेत्र है। वर्ष 2014-2015 में विलम्ब से और कम मात्रा में हुई बारिश की वजह से 50 से 60 प्रतिशत किसानों का नुकसान हुआ है। पहले ही हर साल की अकाल और इस वर्ष भी असामायिक तथा कम बारिश होने से किसान चिंता में है।

ऐसी स्थिति में किसान अगर धान बेचना चाहे तो व्यापारियों को कौड़ी के दाम में बेचना पड़ता है। इस स्थिति से किसान में भारी असंतोष व्याप्त है। यदि किसानों को धान की फसल का सही दाम नहीं मिला तो किसान आत्महत्या करने को मजबूर हो सकते हैं। इसलिए उत्पादन खर्च के आधार पर सरकार गारंटी मूल्य की घोषणा करें ताकि बाजार में सही मूल्य किसानों को मिल सके।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह धान की फसल का मूल्य 2500 रूपए से 3000 रूपए के बीच निर्धारित करके धान कृषकों के हित में सकारात्मक कदम उठाए।